# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024




## खबर संक्षेप



### पीएम विश्वकर्मा योजना के प्रमाण पत्रों का वितरण

कोण्डागांव। शनिवार को समय सुबह 11:00 बजे कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान कोंडागांव के कार्यालय में पुष्पराज अनंत निदेशक एवं उत्तम मानिकपुरी कार्यक्रम अधिकारी द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना अन्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त किये सिलाई के हितग्राहियों को सर्टिफिकेट वितरण किया गया। जन शिक्षण संस्थान कोंडागांव द्वारा विगत 3 वर्षों से प्रतिवर्ष 1800 प्रशिक्षुओं को सिलाई, ब्यूटी पार्लर, हाथ कढ़ाई, कंप्यूटर ,फूड प्रोसेसिंग, इलेक्ट्रिकल, आदि का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। एवं प्रशिक्षण पश्चात रोजगार, स्वरोजगार से जोड़ा जाता है। संस्था के निदेशक श्री अनंत सर ने सभी हितग्राहियों को सर्टिफिकेट वितरण करते हुए सभी की उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिए। उक्त कार्यक्रम में सिलाई की प्रशिक्षिका कु. सीमा तिवारी, वासुदेव कटेन्द्र, राम नेताम, खेमराज सेठिया उपस्थित रहे।

### दीपावली पर्व में शांति व्यवस्था बनाये रखें



फरसगांव। दीपों का त्यौहार दिपावली पर्व में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने शनिवार को कोंडागांव पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देश पर जिले के बड़ेडोंगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में बड़ेडोंगर थाना प्रभारी विनोद कुमार नेताम ने क्षेत्र के गणमान्यजन, जनप्रतिनिधि , व्यापारीजन और ग्रामीणों से दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में हरसंभव योगदान देने की अपील की। साथ ही जिला प्रशासन के जारी गाइडलाइन के अनुसार ही पर्व मनाने की बात कही।

### दीपावली पर्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



फरसगांव। दीपावली पर्व में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने थाना फरसगांव पुलिस द्वारा थाना परिसर में शनिवार को 12 बजे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर के व्यापारीजन , फटाखा व्यापारी, पत्रकार, गणमान्य एवं प्रतिष्ठित नागरिकजन उपस्थित थे। थाना प्रभारी संजय सिंदे ने सभी लोगों को दीपावली पर्व पर नगर में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने हेतु अपील की गई। सभी को दीपावली पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने सर्वसम्मति से नगर में आपसी सौहार्द एवं प्रेम पूर्वक दीपावली पर्व मनाने एवं नगर में आपसी सद्भाव एवं भाईचारा का वातावरण बनाए रखने में अपनी सहमति दी।

### आईटीआई प्रशिक्षक की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

कोण्डागांव। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कोंडागांव में वेल्डर एवं स्टेनो हिंदी व्यवसाय में प्रशिक्षण सत्र 2024–25 के लिए प्रशिक्षक की भर्ती के लिए संस्था प्रबंधन समिति द्वारा 09 नवंबर तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक आवेदक अपना आवेदन पत्र 09 नवंबर को सायं 05 बजे तक कार्यालय अधीक्षक, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोण्डागांव, नारायणपुर रोड, जोंदरापदर, पोस्टर–बुनागांव, तहसील एवं जिला कोण्डागांव छत्तीसगढ़ पिन–494226 पते पर पंजीकृत एवं स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज सकते हैं या स्वयं संस्था में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं।

# राज्य स्तरीय पठन महोत्सव में शिक्षिका मधु तिवारी एवं छात्रा किरण सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

राज्य स्तरीय पठन महोत्सव में छात्र किरण एवं शिक्षिका मधु तिवारी सम्मानित, चौदह भाषाओं में अनुवादित होगी मधु तिवारी की कहानी दादी की झाड़ू एससीईआरटी एवं रूम तो रीड इंडिया ट्रस्ट छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में नई शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में बुनियादी साक्षरता कौशल में सुधार एवं बच्चों में पढ़ने की आदत को विकसित करने हेतु राज्य में पठन अभियान 02.सितंबर से 16 अक्टूबर तक आयोजित था। इस अभियान के माध्यम से राज्य के सभी प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों के साथ रोचक सीखने की गतिविधियां, शिक्षक, समुदाय और बच्चों का एक साथ कहानी सुनना और सुनाना, पढ़ने और लिखने की गतिविधियों का प्रदर्शन करना, प्रतिदिन पढ़ने के लिए समय निर्धारित करना, पुस्तकालय की पुस्तकों से कहानी पढ़ना, कहानी से संबंधित अपने विचार लिखना, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पठन सामग्री का उपयोग करना आदि गतिविधियां शामिल हैं।

इसी परिप्रेक्ष्य में राज्य स्तर पर पठन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रूम टू रीड के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में अब तक किए गए प्रयास उनके प्रभाव, बुनियादी साक्षरता ने बाल साहित्य की भूमिका, लैंगिक समावेशन, शिक्षक क्षमता संवर्धन आदि पर अतिथियों द्वारा प्रकाश डाला गया। अनुभव व उपलब्धियों के संगम में छात्रें को भी शामिल किया गया।

## बुनियादी साक्षरता और बाल साहित्य की भूमिका पर की चर्चा

### कहानी दादी की झाड़ू चौदह भाषाओं में होगा अनुवाद

जिसमें जिला कोंडागांव के विकासखंड कोंडागांव के प्राथमिक शाला हरदीपारा की छात्र किरण नेताम शामिल हुई और पालक पिता परसुराम नेताम ने हल्बी में कहानी सुनाई। इस कार्यक्रम में लेखक, अनुवादक व छात्रें को सम्मानित किया गया। शिक्षिका मधु तिवारी प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला जोंदरापदर द्वारा लिखी कहानी दादी की झाड़ू चौदह भाषाओं में अनुवाद की जाएगी। जिसमें पांच भाषाओं में अनुवादित स्टॉल में प्रदर्शित की गई थी। शिक्षिका को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



### ये रहे उपस्थित

इस कार्यक्रम में एससीईआरटी से उप संचालक पुष्पा किसकोटा, यूएसएआईडी से शिखा जैन, भाग्यलक्ष्मी बालाजी ऑपरेशन डायरेक्टर रूम टू रेड, एससीईआरटी से डीकेश्वर वर्मा उपस्थित रहे।

## कर्मचारी हलचल : जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन में हजारों शिक्षक जुटे

# प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना, क्रमोन्नति व वेतनमान की मांग पर शिक्षकों ने किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ के कोण्डागांव जिले में शिक्षकों का आक्रोश शनिवार जोरदार तरीके से सामने आया जब जिलेभर के शिक्षक एलबी संवर्ग के हजारों सदस्य अपने अधिकारों और मांगों को लेकर एकजुट हुए। जिला संयोजक ऋषिदेव सिंह और शंकर लाल नेताम के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा द्वारा जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। शिक्षकों ने संविलयन के बाद अपनी प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना, क्रमोन्नति, वेतनमान, महंगाई भत्ता, और एरियर्स जैसी समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में जुटी भीड़ को देखकर प्रशासन ने रैली की अनुमति नहीं दी। जिसके कारण शिक्षक डीएनके ग्राउंड में ही अपनी मांगों के प्रति आवाज बुलंद करते हुए ज्ञापन सौंपने के लिए मजबूर हुए।

- मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री व अन्य प्रमुख अधिकारियों के नाम सौंपा ज्ञापन



### शिक्षक संघ की मांगे

प्रदर्शन के दौरान जिला संयोजक ऋषिदेव सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि वर्ष 2018 से पहले की सेवा अवधि को मान्यता न देने के चलते एलबी संवर्ग के शिक्षक क्रमोन्नति, समयमान और पूर्ण पेंशन जैसे लाभों से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार एलबी संवर्ग के शिक्षकों की सेवा गणना उनकी प्रथम नियुक्ति तिथि से करे, जिससे उनका अधिकार सुरक्षित रहे। साथ ही उन्होंने महंगाई भत्ता और एरियर्स का भुगतान देय तिथि से करने की मांग भी की। शिक्षकों ने मांग की कि सभी एलबी संवर्ग के लिए पुनरीक्षित वेतनमान निर्धारित किया जाए और 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जाए।

### प्रांतीय पदाधिकारियों का समर्थन

इस प्रदर्शन में प्रांतीय पदाधिकारी शेषनाथ पाण्डेय, नीलम श्रीवास्तव, यादवेन्द्र सिंह यादव, अरुण दीवान, दंतेश्वरी नायडू और अन्य प्रमुख नेताओं ने भी अपने विचार रखे। पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा 2008 के आदेश के अनुरूप 33 वर्ष की जगह 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जाए, साथ ही न्यायालय के निर्णय अनुसार सभी पात्र शिक्षकों को क्रमोन्नति का लाभ दिया जाए।

### रैली की अनुमति में प्रशासनिक अड़चन

शिक्षक धरना प्रदर्शन के बाद रैली निकालकर ज्ञापन सौंपने की योजना बना रहे थे, लेकिन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोण्डागांव द्वारा रैली की अनुमति देने से मना कर दिया गया। इस पर नाराजगी जताते हुए शिक्षकों ने डीएनके ग्राउंड में ही रैली निकाली और पुलिस अभिरक्षा में जिला प्रशासन के प्रतिनिधि तहसीलदार मनोज रावटे को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री, वित्त मंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा व वित्त सचिव, और लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक के नाम भेजा गया। ज्ञापन में पूर्व सेवा गणना, वेतन विसंगति, क्रमोन्नति समयमान वेतनमान, और लंबित महंगाई भत्ता व एरियर्स की मांग की गई है। इस प्रदर्शन में प्रमुख पदाधिकारियों में जिला संयोजक ऋषिदेव सिंह, शंकर लाल नेताम के अलावा प्रांतीय पदाधिकारी चन्द्रकान्त ठाकुर, संजय राठौर, चन्द्रकांत जैन, ललिता राजपूत, गुलेन्द्र पटेल, और कई अन्य शिक्षकों ने भी भाग लिया। इस आंदोलन में बड़ी संख्या में शिक्षक–शिक्षिकाएं शामिल हुईं, जिनमें प्रमुख नामों में अमलेश बारले, अवध किशोर मिश्रा, दिनेश गर्ग, गुरुदीप छाबड़ा, संतु नेताम, प्रेमराज नेताम, और अन्य हजारों शिक्षक उपस्थित रहे।

# जल व प्राकृतिक संरक्षण के लिए सामुदायिक सहभागिता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले में जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों और प्राकृतिक संसाधनों के ह्रास को देखते हुए जिला प्रशासन और ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य जिले में जल और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने पर चर्चा करना था। कार्यशाला में जिले के विभिन्न विभाग जैसे वन, पंचायत, समस्त जनपद पंचायत, मगनरेगा, कृषि, जल संसाधन, पी.एच.ई, उद्यानिकी, मत्स्य, पशुपालन, एन.आर.एल.एम, स्किल डेवलपमेंट, कृषि विज्ञान केंद्र सहित अन्य विभागों के अधिकारी–कर्मचारी, समुदायों के लोग और गैर–सरकारी संगठनों ने भाग लिया। कार्यशाला में सभी ने जल संरक्षण, भूमि क्षरण, जैव विविधता और कार्बन उत्सर्जन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा की। ट्रांसफॉर्म रुरल इंडिया से आये विशेषज्ञ सीनियर प्रैक्टिश्नर आशुतोष नंदा एवं प्रैक्टिश्नर मुकेश ठाकुर ने इस बात पर जोर दिया कि एकीकृत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन ही जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने और जिले के प्राकृतिक संसाधनों को बचाने का एक उचित उपाय है। आईएनआरएम मतलब है भूमि, जल, वन और जैव विविधता का एकीकृत तरीके से प्रबंधन करना। इस अवसर पर अभिनय रात्रे एवं अजित राणा ड्रिरिक्ट प्रोजेक्ट मैनेजर, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट कोंडागांव भी उपस्थित रहे।

- जल एवं प्राकृतिक संसाधन संरक्षण विषय पर कार्यशाला



### स्थानीय समुदायों की भागीदारी जरूरी

कार्यशाला में यह भी स्पष्ट किया गया कि एकीकृत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन को सफल बनाने के लिए स्थानीय समुदायों की भागीदारी बेहद जरूरी है। स्थानीय लोगों को जल संसाधन प्रबंधन में शामिल करना और उनके ज्ञान और अनुभव का लाभ उठाना महत्वपूर्ण है। यह कार्यशाला जिले के लिए एक नए युग की शुरुआत है। अब जिला प्रशासन और स्थानीय समुदाय मिलकर जल और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए काम करेंगे। इस प्रयास से न केवल जिले का विकास होगा बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर भविष्य सुनिश्चित होगा।

# दीपावली 31 अक्टूबर को मनाना ही शास्त्र सम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कोण्डागांव जिले में इस वर्ष दीपावली के पर्व को लेकर दो तिथियां होने के कारण असमंजस की स्थिति थी। जिस पर ब्राह्मण समाज ने निर्णय लेते हुए एक स्पष्ट निर्देश जारी किया है। ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित एक बैठक 25 अक्टूबर 2024 को मां दंतेश्वरी विहार के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में सायं 7 बजे हुई। इस बैठक में कर्मकांडी पंडितों, समाज के वरिष्ठजनों, एवं धार्मिक विशेषज्ञों की मौजूदगी में चर्चा की गई। हुआ गहन चिंतन बैठक में निर्णय लिया गया कि पंचांगों के विस्तृत अध्ययन के बाद और सभी प्रमुख धार्मिक विशेषज्ञों की सहमति से दीपावली 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी। निर्णय का आधार यह था कि अमावस्या तिथि 31 अक्टूबर को शाम 3:52 बजे से प्रारंभ होकर 1 नवंबर को शाम 6:16 बजे तक रहेगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, दीपावली का पूजन अमावस्या की तिथि और प्रदोषकाल में किया जाना उपयुक्त माना गया है। इसलिए, अमावस्या और प्रदोषकाल दोनों का संगम 31 अक्टूबर 2024 को हो रहा है। इसी कारण इस दिन दीपावली मनाने का फैसला लिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 31 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजन एवं दीपावली पूजन सम्पन्न किया जा सकता है। हालांकि 1 नवंबर को सुबह तक भी पूजन किया जा सकता है, लेकिन मुख्य दीपोत्सव और लक्ष्मी पूजन 31 अक्टूबर को ही करना उचित रहेगा।



### 31 को ही मनाए दीपावली

कोण्डागांव जिले के नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे दीपावली का पर्व 31 अक्टूबर को ही मनाएं और लक्ष्मी पूजन उसी दिन प्रदोषकाल में संपन्न करें।

### मौजूद रहे ये

इस बैठक में ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा, सलाहकार गोपाल तिवारी, पं. उमाशंकर तिवारी, पं. रघुदयाल दुबे, पं. रविशंकर मिश्रा, पं. शैलेन्द्र तिवारी, पं. रितेशराम शर्मा, पं. विरेन्द्र शर्मा, पं. अजय तिवारी, पं. प्रवीण शर्मा और पं. मोतीलाल द्विवेदी उपस्थित रहे।

# क्रिकेट स्पर्धा में बीआईओसी ने फाइटर क्लब को दी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर





स्व. रतन टाटा की स्मृति में नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्रिकेट ग्राउंड में शनिवार को दो मैच खेले गए। जिसमे पहले मैच में मेजबान बीआईओसी एकतरफा मुकाबला में फाइटर क्लब को शिकस्त दी। जबकि दूसरे मैच में कांकेर सेंट्रल ने वीसी बस्तर को हराकर अगले मुकाबले के लिए क्वालीफाई किया। आज का पहला मुकाबला बीआईओसीऔर फाइटर क्लब के मध्य खेला गया। फाइटर क्लब की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया वहीं बीआईओसी के लिए अब्दुल अनस खान और संयम जैन सलामी बल्लेबाजी के रूप में उतरे दोनों के बीच केवल 10 रनों की साझेदारी ही हो सकी टीम का पहला विकेट अनस खान 4रन बनाकर खगेश बघेल का शिकार हुए संयम जैन ने 50 गेंद में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 82 रनों की पारी खेली जिसमें 8 चौके और चार शानदार छक्के शामिल हैं निचले क्रम के बाएं हाथ के बल्लेबाज सतीश सिंह ने 16 गेंद में 38 रनों का योगदान दिया वहीं इस टूर्नामेंट के पहले रणजी प्लेयर सौरव मजूमदार ने 22 गेंद में 50 रन 4 चौके और चार चक्के की मदद से बनाकर टोनी बारला की गेंद पर बोल्ड आउट हुए निचले क्रम में आदित्य सिंह ने भी 13 गेंद में 32 रनों का योगदान दिया बायक की टीम ने 20 ओवर में 222 रनों का पहाड़ खड़ा किया।

### 60 में ऑल आउट

223 रनों का पीछा करने उतरे फाइटर क्लब की पूरी टीम 11 ओवरों में 60 रन बनाकर ऑल आउट हो गई टीम के एकमात्र बल्लेबाज जिन्होंने दहाई का आंकड़ा पार किया डूमेंद्र ठाकुर ने जिन्होंने 15 गेंद में 24 रन की पारी खेली।

# सलाना पंचायत में करोड़ों का घोटाला सरपंच और सचिव पर गबन का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

विकासखंड बड़ेराजपुर की ग्राम पंचायत सलाना में एक बड़ा घोटाला सामने आया है। आरोप है कि सरपंच और सचिव की मिलीभगत से 15वें वित्त आयोग के तहत स्वीकृत लगभग 2 करोड़ रुपये के विकास कायोंर् में बड़े पैमाने पर गबन किया गया है। सूत्रें के अनुसार, ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तावित विकास कार्यों में कई तरह की गड़बड़ियां की गई हैं। इन कार्यों को या तो अधूरा छोड़ा गया है या फिर किए गए कार्य की गुणवत्ता बहुत खराब है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच और सचिव ने मिलकर इस राशि का निजी स्वार्थ के लिए दुरुपयोग किया है।



### मामले की जांच के दिए आदेश

ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत प्रशासन से की है। प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह मामला एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रें में हो रहे भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। ऐसे मामलों से ग्रामीण विकास की गति धीमी होती है और जनता को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ता है। यह मामला एक बार फिर से यह दर्शाता है कि ग्रामीण क्षेत्रें में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है।







# जनजाति समाज की गौरवशाली परंपरा है प्रेरणादायक : रोहित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

शनिवार शासकीय नवीन महाविद्यालय माकड़ी, जिला कोंडागांव मैं जनजाति समाज के गौरवशाली अतीत, सामाजिक धार्मिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। आमंत्रित अतिथियों द्वारा छात्र–छात्रओं द्वारा बनाए गए जननायकों के चित्र चार्ट प्रदर्शनी व जनजाति समाज में दैनिक उपयोग में आने वाले वस्तुओं का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती मोती बाई नेताम, जनपद अध्यक्ष माकड़ी, हेमलाल वट्टी, सरपंच ग्राम पंचायत माकड़ी, संजू पोयाम पूर्व जनपद अध्यक्ष माकड़ी, दीपेंद्र नाग सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष माकड़ी, मुख्य वक्ता के रूप में रोहित कोडोपि, सामाजिक कार्यकर्ता, बलिराम नेताम जिला संयोजक, कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ सिद्धार्थ चौधरी प्राचार्य शासकीय नवीन महाविद्यालय माकड़ी, संयोजक वृंदाधर नैरोजी सहायक प्राध्यापक, सहसंयोजक दिलेश्वर प्रसाद एवं अन्य अतिथि व्याख्याता, छात्र–छात्रओं की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के हाथों दीप प्रज्वलित कर की गई। राजकीय गीत के आरंभ के साथ इस कार्यक्रम का आगाज किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य द्वारा अतिथियों का स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। सभी अतिथियों को उद्बोधन के लिए आमंत्रित कर जननायकों के सामाजिक धार्मिक और आध्यात्मिक योगदान के विषय में बताया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रोहित कोडोपी ने जनजाति वर्ग से महानायकों के विषय में उनके विशेष योगदान के बारे में बताया। जनजाति समाज की वीरता से संबंधित एक चलचित्र चलाया गया। बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

## पेज 15 के शेष

### जंगे आजादी में ...

जनजाति समाज के क्रांतिवीरों के अभूतपूर्व योगदान और साहस, भारत की आजादी में प्राण न्योछावर करने वाले वीरों एवं गुमनाम अमर शहीदों की वीरगाथा का वर्णन किया। साथ ही उन्होंने जनजाति समाज के उच्च सामाजिक मूल्यों और उनके आध्यात्म पर अपना अनुभव साझा किया।

### जनजातीय समाज के ...

डाला। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के द्वारा जनजातिय समाज के वीर योद्धाओं के छायाचित्रों, दैनिक उपयोग के वनोपज खाद्यपदार्थ, वस्तुएं, वेशभूषा, आभूषण एवं जनजातीय समाज से संबंधित पुस्तको की प्रदर्शनी लगायी गयी, जिसे विशेष अतिथियों द्वारा खूब सराहा गया। छात्र-छात्राओं द्वारा जनजातीय समाज के मनमोहक नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किये गये। निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किया गया तथा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेट किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. सुश्री प्रतिक्षा सोनकर एवं डॉ ताजबी कुरैशी द्वारा किया गया। सुश्री. तिलोचनी साहू अतिथि व्याख्याता द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त सहायक प्रध्यापक कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### युवा संसद स्पर्धा ....

पाणिग्राही, कमिश्नर डोमन सिंह, कलेक्टर हरीश एस. थे। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों ने भारतीय संसद के कार्य संचालन का जीवंत प्रदर्शन किया। बस्तर जिले के टीम के मार्गदर्शक शिक्षक के रूप में सुजाता भद्रे, हरेंद्र सिंह राजपूत, भूखन सिंह एवं हीरेश कुमार थे। इस अवसर पर छात्रों की सफलता पर प्राचार्य बीएस रामकुमार ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी । छात्रों की सफलता पर विद्यालय के शिक्षकों हेमंत पाणिग्राही,शुभ्रा कुंडू, धर्मेंद्र पटनायक, पवन दीक्षित, अनिल जैन, निरंजन दास, अनीता रात्रे, शमशाद बेगम, अतुल शुक्ला दीप्ति ठाकुर, विद्या निमजे, सुजाता दास, जयश्री शेंडे आदि ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



**खबर संक्षेप**

## आयुर्विद्या पर हुआ एक दिवसीय कार्यक्रम



**बस्तर।** संचालक आयुध एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी जगदलपुर (बस्तर) के निर्देश पर हायर सेकंड्री स्कूल केसरपाल में राष्ट्रीय कार्यक्रम में आयुर्विद्या का एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को योग प्राणयाम कराया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं को योग के महत्व को समझाया गया। आयुर्विद्या के तहत डॉ. विनोद सिंह के द्वारा ऋतु चर्या, आहार बिहार की जानकारी दी गई। डॉ. एसआर पटनायक के द्वारा औषधीय पौधों की जानकारी गुण धर्म एवं उपयोग की जानकारी दी गई। इस दौरान स्कूल के समस्त स्टॉफ ने भाग लिया।

## रक्तदान शिविर कल

**जगदलपुर।** सद्गुरू सदाफलदेव विहंगम योग संस्थान के तत्वाधान में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन महर्षि सदाफलदेव आश्रम बोधघाट जगदलपुर में 28 अक्टूबर को किया गया है। जिसमें सभी वर्ग के लोग अपना सहयोग प्रदान करेंगे। उक्त जानकारी विहंगम योग संत समाज ने दी है।

## दीपावली पर्व को देखते हुए शांति समिति की हुई बैठक



**भोपालपटनम।** शनिवार को पुलिस विभाग के द्वारा दीपावली पर्व को देखते हुए शांति समिति की बैठक रखी गयी थी। जिसमें अनु विभागीय अधिकारी तहसील, जनपद पंचायत सीईओ, थाना प्रभारी, व्यापारीगण, पत्रकार उपस्थित थे। एसडीएम और तहसीलदार ने बताया कि सभी व्यापारी अपने अपने दुकानें सड़क तक पंडाल न लगाये। आप लोग सिर्फ नाली तक ही लगाये। साथ ही फटाखा दुकानों को नगर के हृदय स्थल जिसे क्लब ग्राउंड भी कहते हैं, पर लगाते हुए हाईस्कूल ग्राउंड में लगाये ताकि कोई दुर्घटना न हो। क्योंकि क्लब प्रांगण एक रिहायशी इलाका है यदि कोई घटना घटित होती है तो भारी जान माल का नुकसान हो सकता है। इस दौरान बस्तर चेम्बर ऑफ कामर्स के उपाध्यक्ष इरशाद खान, व्यापारी संघ के अध्यक्ष जी. प्रेम कुमार, जी. मुरलीधर, तेज नारायण सिंह, विश्वनाथ, मुरली चांडक, पी.श्रीनिवास, रियाज खान, पनगंटीवार वेंकटेश्वर, मनोज इमड़ी, साबिर खान समेत अन्य व्यापारी मौजूद थे।

## परिक्षेत्र माचकोट में हुआ प्रदर्शन व प्रशिक्षण



**जगदलपुर।** वन विभाग के सह सुधार कार्य वृत्त अंतर्गत वन मण्डल स्तरीय चिन्हाकन, पातन एवं लगुण कार्य का प्रदर्शन, प्रशिक्षण कक्ष क्र.1191 (पुसपाल) परिक्षेत्र माचकोट में आयोजित किया गया। जिसकी शुरूआत वन विभाग जगदलपुर वृत्त मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा और बस्तर वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस आयोजन में वन मण्डल अंतर्गत वन मंडलाधिकारी, उप वनमंलाधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी, वन मण्डल स्तर के कर्मचारी, अधिकारी एवं कटाई श्रमिक शामिल हुए। उच्च अधिकारियों द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए और पूर्व में की गई त्रुटियों एवं उनको दूर करने के संबंध में विस्तार से बताया गया। साथ ही विदोहन संबंधी महत्वपूर्ण कार्यों का स्थल पर प्रदर्शन कर प्रशिक्षण दिया गया।

**निधन...**

## सरस्वती शुक्ला



**जगदलपुर।** शहर निवासी सरस्वती शुक्ला का निधन शुक्रवार को हो गया। वह 68 वर्ष की थी। वह शैलेंद्र शुक्ला की धर्म पत्नी व कोमल तिवारी की मां थी।

# जिले के सभी मिठाई दुकानों पर रहेगी कड़ी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में आम जनता को स्वच्छ एवं शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो सके इसके लिए खाद्य सुरक्षा विभाग के अभिहित अधिकारी सह एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल द्वारा सभी खाद्य विक्रेताओं को अपील की गई है कि वे एफएसएसएआई के निर्देशों का कड़ाई से पालन करें।

बिना लेबल वाली खाद्य सामग्री का विक्रय न करें, खाद्य विक्रय परिसर, होटलों में सफाई का विशेष ध्यान रखें। लेबल में खाद्य पदार्थ के निर्माण तिथि, उपयोग की तिथि एवं निर्माता फर्म के पूर्ण पता का उल्लेख अनिवार्य रूप से होना चाहिए। यदि निर्माता फर्म का पूर्ण पता एवं खाद्य पदार्थ के निर्माण की तिथि उल्लेखित नहीं पाई जाएगी तो संबंधित विक्रेता की पूर्ण जिम्मेदारी मानते हुए उसके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। आगामी दीपावली त्यौहार के चलते खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा बीजापुर शहर तथा भोपालपटनम क्षेत्र के किराना दुकानों तथा मिठाई दुकानों में निरीक्षण कर साफ-सफाई के बारे में जरूरी निर्देश दिए गए। किराना व्यापारियों को निर्देश दिया गया कि कोई भी खाद्य पदार्थ एक्सपायरी डेट का विक्रय नहीं किया जाना चाहिए। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से शहर के विभिन्न मिठाई दुकानों तथा किराना दुकानों में त्यौहारी सीजन में बिकने वाले खाद्य पदार्थों जैसे बेसन, मैदा, सूजी, गुलाबजामुन, बर्फी, कलाकन्द, बादाम बर्फी, सोनपापड़ी, पेड़ा आदि का नमूना संकलन कर जांच किया गया।

कुछ पैक्ड खाद्य सामग्री एक्सपायरी डेट के पाए गए जिन्हें तत्काल नष्ट करवाया गया। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशीष यादव द्वारा बताया गया कि खाद्य नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अमानक पाए गए प्रकरणों पर न्यायालयीन कार्यवाही की जाएगी।

## आदिवासी छात्रावास में रह रहे बच्चों को मिले ट्रैक सूट और जूते

**महासमुंद।** आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा जिला मुख्यालय में संचालित प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास महासमुंद में छात्रावासी बच्चों के दिवाली त्योहार के पूर्व अधीक्षक द्वारा ट्रैक शूट और जूता का वितरण किया गया। विभाग के द्वारा संचालित प्री मैट्रिक छात्रावास और आश्रमों में प्रतिवर्ष छात्रावासी बच्चों को शिष्यवृत्ति की बच्चा राशि के कॉपी, किताब, पेन, स्कूल बैग, जूता, मोजा, ट्रैकशूट आदि आवश्यक चीजें प्रदाय करने का पिछले वर्ष से प्रावधान है, जिसके अंतर्गत पूरे सत्र के दौरान बीच में बचत राशि के अनुसार सामग्री का वितरण किया जाना होता है। शासन की इस निर्देश के पालन में छात्रावास महासमुंद के बच्चों को संस्था के अधीक्षक मदन कुमार चौधरी द्वारा जूता मोजा और ट्रैक शूट का वितरण किया गया।

# जवानों ने सीखा आर्ट ऑफ लिविंग व सुदर्शन क्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



पद्म विभूषण मानवतावादी गुरूदेव श्रीश्री रविशंकर की संस्था आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक अजय सिंह बैस के द्वारा सुकमा में पुलिस के जवानों, अधिकारियों को 3 दिवसीय हैप्पीनेस योग शिविर आनन्द अनुभूति कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया गया।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए प्रशिक्षक अजय सिंह ने बताया कि श्रीश्री के अनुसार हिंसा मुक्त समाज, रोग मुक्त शरीर, तनाव मुक्त मन, शंका रहित बुद्धि, शोक रहित स्मरण शक्ति, शारीरिक क्षमतायुक्त शरीर और एक दुःख रहित आत्मा प्रत्येक व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है। इसी उद्देश्य के साथ शिविर के माध्यम से सांसारिक व अध्यात्मिक ज्ञान एवं योग, ध्यान, प्राणायाम के साथ विश्वविख्यात सुदर्शन क्रिया की प्रक्रियाओं को मनोरंजक क्रियाओं एवं आपसी संवाद के जरिये सिखाया जाता है। जिससे स्वस्थ शरीर, तनाव एवं नकारात्मक विचारों से मुक्ति, अधिक आत्मविश्वास, एकाग्रता, निर्णय लेने की क्षमता, खुशहाल जीवन और मन की शांति व रोग प्रतिरोधक क्षमता में अभूतपूर्व सुधार के साथ ही दैनिक जीवन उपयोगी सरल ज्ञान और प्रक्रियाओं के माध्यम से तनाव मुक्त होते हुए जीवन में खुशी और सफलता के सूत्र भी सिखाये गये। इस शिविर में पुलिस विभाग के 200 जवानों एवं अधिकारियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षक अजय सिंह ने बताया कि सुकमा जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा आमजनों के साथ संवेदनशील इलाकों में तैनात पुलिस जवानों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य लाभ दिलाने के लिए उन्हें प्राणायाम, ध्यान, आसन एवं योग के साथ-साथ विश्वविख्यात सुदर्शन क्रिया भी सिखाई गयी। समापन अवसर पर सुकमा पुलिस अधीक्षक किरण चौहान ने, शिविर को अत्यधिक लाभकारी एवं ऊर्जा और आत्म विश्वास सहित तनाव मुक्ति प्राप्त करने की बात कही। अंत में एसपी किरण चव्हाण द्वारा उत्साह एवं जवानों को प्रोत्साहित किया गया।

## रासायनिकी का दैनिक जीवन में महत्व पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



शासकीय मॉडल महाविद्यालय जावंगा, गीदम के रसायन शाखा विभाग द्वारा दैनिक जीवन में रासायनिकी का महत्व विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन रसायन शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष कालेंद्री ठाकुर के नेतृत्व में किया गया। नवीन शिक्षा नीति के परिपालन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार दीक्षित के मार्गदर्शन में कार्यशाला संपन्न हुआ।

कार्यशाला के संयोजक सुरेन्द्र महला ने टीम को प्रोत्साहित किया और आयोजन की सफलता सुनिश्चित की। कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ. तुषार कांत साहू सहायक प्राध्यापक शहीद कोवासी रोड़ा पेद्दा शासकीय महाविद्यालय, कुआकोंडा थे। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सुरेश यादव द्वारा स्वागत एवं उद्घाटन भाषण दिया गया। डॉ. तुषार साहू ने अपने वक्तव्य में दैनिक जीवन में रासायनिकी की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि कैसे रसायन विज्ञान हमारे जीवन के हर पहलू में जुड़ा हुआ है। उन्होंने प्रयोगशाला में विभिन्न रासायनिक प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया, जैसे ऑक्सीजन गैस का निर्माण, ब्रेड, टूथपेस्ट और साबुन बनाना। इसके साथ ही, उन्होंने मानव शरीर में रासायनिकी के उपयोग और इसके स्वास्थ्य संबंधी लाभों पर भी प्रकाश डाला।

कार्यशाला के समापन पर कालेंद्री ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापित किया और डॉ. तुषार साहू को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता की और कार्यशाला को सफल बनाने में योगदान दिया। यह कार्यशाला छात्रों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक रही, जिसमें उन्हें रासायनिकी के व्यावहारिक उपयोग और उसके महत्व को गहराई से समझने का अवसर मिला।

# एनएमडीसी डीएव्ही आईटीआई में कौशल दीक्षांत समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एनएमडीसी डीएव्ही आईटीआई नगरनार में सत्र 2023-24 में उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के लिए कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लैखन बघेल, सरपंच ग्राम पंचायत नगरनार तथा संस्था के प्राचार्य अभिषेक पवार द्वारा सर्वप्रथम सरस्वती माता के चलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूवात की गई।

इसके पश्चात वेल्डर तथा मेसन ट्रेड के समस्त उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को एनटीसी एवं अंकसूची प्रदान कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं मेडल प्रदान किया गया। इसी कड़ी में कु. सुमति गोयल ने मेसन व्यवसाय में सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्था का गौरव बढ़ाया, संस्था द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ ग्राम पंचायत नगरनार एवं संस्था के प्राचार्य द्वारा प्रोत्साहन राशि भी पुरस्कार के रूप में दी गई। मुख्य अतिथि लैखन बघेल ने अपने सम्बोधन में प्रशिक्षणार्थियों को अनुशासन, लगन के साथ कड़ी मेहनत करते हुए सफलता प्राप्त करने की बात कही। संस्था के प्राचार्य अभिषेक पवार ने प्रशिक्षणार्थियों को आईटीआई कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बधाई दी एवं तकनीकी शिक्षा के महत्व को समझाते हुए संस्था की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और संस्था द्वारा उनके करियर मार्गदर्शन के लिए हर संभव मदद करने की बात कही तथा संस्था को निरन्तर आगे बढ़ाने के लिए एनएमडीसी प्रबंधन का भी आभार व्यक्त किया। अंत में प्राचार्य अभिषेक पवार द्वारा प्रशिक्षणार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए समस्त आगंतुक अतिथियों का धन्यवाद किया, राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनने में समस्त कर्मचारियों का योगदान सरहनीय रहा।

## तकनीकी सहायक के किए गए कार्यों की जांच हो : अंगनपल्ली

**बीजापुर।** जिले के भोपालपटनम जनपद पंचायत कार्यालय में पदस्थ तकनीकी सहायक के द्वारा किये गये कार्यों की जांच करने की मांग जेसीसीजे के कार्यकर्ताओं ने की है। मंगलवार को जनता कांग्रेस छग जोगी के कार्यकर्ताओं ने, जनपंद पंचायत भोपालपट्नम कार्यालय में पदस्थ तकनीकी सहायक सिद्धार्थ अंबाला पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना, जिला खनिज न्यास निधि 14वें और 15वें वित्त योजना के अलावा अन्य निर्माण कार्यों का सत्यापन भौतिक रूप से नही कर, कागजों में सत्यापन करने का आरोप लगाया है। उक्त कार्यों की जांच करने की मांग जेसीसीजे के नेताओं ने की है। जिला उपाध्यक्ष सेलमैया अंगनपल्ली ने बताया,कि हमारे संज्ञान में आया है,कि तकनीकी सहायक सिद्धार्थ अंबाला के द्वारा उसूर व भोपालपट्नम में अपने पद स्थापना के दौरान शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में अनियमियता बरती गयी है। जिसकी जांच को लेकर कलेक्टर कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष विजय झाड़ी, गुलशन भंडारी के अलावा कार्यकर्ता मौजूद थे।

■ जेसीसीजे के कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर सौंपा ज्ञापन

## ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष ग्राम उसपरी में साप्ताहिक बाजार प्रारंभ करने की रखी मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी 5 ग्राम पंचायतों के 15 आश्रित गांवों के ग्रामीणों के बुलावे पर बुधवार को बीजापुर जिले के ग्राम उसपरी पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक विक्रम मंडावी से ग्राम उसपरी में साप्ताहिक बाजार को पुनः प्रारंभ करने की मांग करते हुए कहा कि भैरमगढ़ ब्लॉक में भैरमगढ़ और कुटरू के बाद ग्राम उसपरी में तीसरा सबसे बड़ा साप्ताहिक बाजार लगता था। जिसमें 5 ग्राम पंचायतों के 15 से अधिक आश्रित गांवों के लोग ग्राम उसपरी के साप्ताहिक बाजार से दैनिक उपयोग की सामग्री जैसे कपड़ा, बर्तन, राशन, किराना सामान और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं की खरीदी करते थे। लेकिन प्रशासन ने उसपरी में लगने वाले साप्ताहिक बाजार को बंद कर दिया है, अब उसपरी क्षेत्र के ग्रामीणों को दैनिक उपयोग के सामग्री की खरीदी के लिए लंबी दूरी तय करके भैरमगढ़ बाजार जाना पड़ता है। आवागमन का साधन भी नहीं होने से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए उसपरी में बंद कराये गए साप्ताहिक बाजार को पुनः प्रारंभ कराया जाये। ग्रामीणों ने विधायक विक्रम मंडावी को यह भी बताया कि नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ इलाके के लोग भी उसपरी के साप्ताहिक बाजार में सामान खरीदने आते थे। इसके साथ ही ग्रामीणों ने विधायक को क्षेत्र के विभिन्न मूलभूत समस्याओं से अवगत कराते हुए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग भी की है।

विधायक ने ग्रामीणों की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि ग्रामीणों के मांग के अनुरूप प्रशासन ग्राम उसपरी में बंद हुए साप्ताहिक बाजार को तत्काल प्रारंभ कराए, जिससे कि ग्रामीणों को राहत मिल सके। विधायक ने यह भी कहा कि सरकारें बनती है स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी केंद्र और साप्ताहिक बाजारें खुलें जिससे कि आम लोगों को बिना किसी परेशानी के सभी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। लेकिन जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से भाजपा की सरकार स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी केंद्र और साप्ताहिक बाजार खोलने के बजाय बंद करने का काम कर रही है जो कि चिंताजनक है। विधायक मंडावी ने भाजपा सरकार से मांग करते हुए कहा कि ग्रामीणों की मांग के अनुरूप तत्काल ग्राम उसपरी में साप्ताहिक बाजार प्रारंभ किया जाए।

# तेज रफ्तार कार ने ली युवक की जान

**नशे की हालत में चालक ने पीछे से स्कूटी को मारी टक्कर, हरिभूमि में कार्यरत था मृतक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शुक्रवार की रात लगभग 10 बजे माड़िन चौक में एक तेज रफ्तार कार ने हरिभूमि के युवा कम्प्यूटर ऑपरेटर सूर्यप्रताप सिंह चंदेल (35) की जान ले ली। हरिभूमि कार्यालय में प्रेस का काम निपटाकर वे रोजाना की तरह अपने गृहग्राम माड़पाल जाने के लिए स्कूटी में रवाना हुए। कुम्हारपारा के आगे राष्ट्रीय राजमार्ग पर माड़िन चौक में जब वे यू टर्न ले रहे थे उसी दौरान आड़ावाल की ओर से तेज रफ्तार से आ रही कार क्रमांक सीजी 17 केव्ही 3699 ने उसे चपेट में ले लिया जिससे सूर्यप्रताप की मौके पर ही मौत हो गई। सीसीटीवी फूटेज में कार की रफ्तार काफी तेज दिख रहा है और वह पीछे से स्कूटी सवार को चपेट में ले लिया। घटनास्थल पर ही कार के मालिक और चालक श्रेयांश मिश्रा पुत्र स्व. आलोक मिश्रा निवासी सनसिटी जगदलपुर को भीड़ ने पकड़ लिया और उसे कोतवाली लाया गया। वाहन को भी क्रेन से थाना लाया गया। रात में ही वाहन चालक और मालक का एमएलसी महारानी अस्पताल में किया गया जहां उसके नशे में होने की बात कही गई है। टीआई कोतवाली शिवानंद सिंह ने बताया कि घटना के तुरंत बाद ही चालक को पकड़कर थाने लाया गया। वाहन काफी तेज रफ्तार में थी जो स्कूटी सवार को पीछे से टक्कर मारकर अपने चपेट में ले लिया। घारा 106 के तहत अपराध कायम किया गया है। दुर्घटना के बाद रात को उसे महारानी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने दुर्घटनास्थल में मौत होना बताया। परिजनों के आने के बाद देर रात शव को मेडिकल कालेज डिमरापाल ले जाया गया जहां शनिवार की दोपहर में पोस्टमार्टम किया गया।

### प्रधान संपादक समेत हरिभूमि परिवार ने जताया दुख

जगदलपुर हरिभूमि कार्यालय में लंबे समय से सेवा दे रहे युवा कर्मचारी सूर्यप्रताप सिंह चंदेल के दुर्घटना में मृत्यु होने पर पूरे हरिभूमि परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। जगदलपुर के सभी स्टाफ महारानी अस्पताल घटना के तुरंत बाद ही पहुंच गए थे। प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी समेत हरिभूमि परिवार ने दुखद मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त कर परिवार को संबल देने की कामना ईश्वर से की है।

## छग शिक्षक मोर्चा ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सीएम के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



जिले के छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर जिले के चारों ब्लॉकों के शिक्षक एलबी संवर्ग शिक्षकों के संगठनों ने गुरूवार को मुख्यालय के सांस्कृतिक मैदान में एकजुट होकर धरना प्रदर्शन किया। छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रहलाद जैन, राजेश मिश्रा व अलीम रिजवी के नेतृत्व में पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सीएम के नाम एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा है।

संघर्ष मोर्चा के जिला सचिव कैलाश रामटेके ने बताया है, कि सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति,1.86 गुणांक पर समतुल्य वेतन निर्धारण, पूर्व सेवा गणना के आधार पर पुरानी पेंशन निर्धारित, 20 वर्ष की सेवा में पूर्ण पेंशन दिया जावे। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय अनुसार क्रमोन्नति व समयमान वेतन दिया जावे। 1 जुलाई 2019 से देय तिथि से मंहगाई भत्ते की एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ व सीजीएफ में किया जायें।

इस दौरान पुरुषोत्तम झाड़ी, शांति लाल वर्मा, कमल नारायण कुंजाम, शिव पूनेम, पूर्ण चंद बेहरा, महेश शेट्टी, सुशील हेमला, राकेश गिरि, इकबाल खान, विजय चापड़ी, मोहसिन खान, सुनील झाड़ी, प्रेम प्रकाश चापड़ी, योगेश वासम, अनिल जाटव, चंद्र शेखर अप्पाजी, संजय चिंतुर, शिव पुनेम, जागेन्द्र राठौर, कमलेश मिश्रा, महेन्द्र काशी, अनिल झाड़ी, रुद्र प्रताप झाड़ी, महेश यालम के अलावा चारों ब्लॉकों के शिक्षक-शिक्षिका भी धरना प्रदर्शन में मौजूद थी।

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024

12 राज्य स्तरीय पठन महोत्सव में शिक्षिका मधु तिवारी एवं ...



12 प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना, क्रमोन्नति ...





# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली के लिए स्थानीय स्तर पर बनाएं वेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतिकरण योजना की समीक्षा बैठक शहर के गीदम रोड स्थित विद्युत कंपनी के कल्याण भवन में आयोजित किया गया। वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में कार्य आदेशित मुख्यमंत्री मजराटोला के विद्युतीकरण में लापरवाह ठेकेदारों को ठेका शर्तों के अधीन कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर की ओर से नियद नेल्लानार योजना के तहत चयनित ग्रामों के विद्युतीकरण के लिए पहुंच मार्ग सुगम नहीं होने से विलंब होने संबंधित जानकारी जिले के कलेक्टर के संज्ञान में लाने के लिए संबंधित ईई को निर्देश दिए गए। साथ ही जिनके कारण नियद नेल्लानार योजना के कार्य प्रभावित हो रहा है उन सभी क्रियान्वयन एजेसी को ठेका शर्तों के अधीन कार्यवाही व कार्य अतिशीघ्र संपादित करने के निर्देश दिए गए। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली के तहत उच्च कार्यालय द्वारा जारी किए गए लक्ष्य प्राप्ति के लिए स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक वेंडर बनाने के निर्देश संबंधित ईई को दिए गए। बैठक में कंपनी परियोजना के अतिरिक्त मुख्य अभियंता व्हीआर मौर्य, अधीक्षण एनके पोयाम, एसएस पांडव, कार्यपालन अभियंता डीके सैनी, अमर भगत, हिलोन ध्रुव, सुदीप खेस्स, जोसेफ केरकट्टा, पीके शुक्ला, डीआर उर्वशा एवं सहायक अभियंता नंदलाल काशी आदि शामिल रहे।

## नियद नेल्लानार योजना का विद्युतीकरण पूरा करें



### नवंबर तक कार्य पूरा करें

जगदलपुर क्षेत्र के ईडी एसके ठाकुर ने निर्देश दिया कि नियाद नेल्लानार योजना के जिन ग्रामों में सुगम पहुंच मार्ग है, उन संबंधित ग्रामों में सर्वे उपरांत खंभा परिवहन एवं खंभा लगाने का कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ करें। साथ ही नवम्बर 2024 तक कार्य पूर्ण करें।

## खबर संक्षेप



### ईसाई मिशनरी की ग्लोबल धर्मसभा रद्द

**जगदलपुर।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा ईसाई मिशनरी जीजस कॉल्स ग्लोबल मिनिस्ट्रीज के धर्म सभा के कार्यक्रम की अनुमति रद्द करने के लिए प्रशासन और जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा गया है। जिला प्रशासन ने सभी बिंदुओं पर चर्चा कर 8,9,10 नवम्बर को ग्राम पंचायत कालीपुर में प्रस्तावित विवादित धर्म सभा को रद्द कर दिया है। इस आशय के आदेश एसडीएम ने जारी किए हैं। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पॉल दिनाकरन का आना तय माना जा रहा था। विवाद की स्थिति व कानून व्यवस्था तथा शांति भंग होने की आशंका थी इस आधार पर कार्यक्रम की अनुमति निरस्त की गई है। विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री रवि ब्रम्हचारी ने कहा यह धर्म की लड़ाई है जो जारी रहेगी। सभी जनप्रतिनिधियों का विशेष रूप से विधायक, सांसद और शासन प्रशासन का जिन्होंने बात को गंभीरता पूर्वक सुना और सहयोग किया।

### जन चौपाल में दिवंगत कांग्रेसियों को श्रद्धांजलि

**जगदलपुर।** अनुकूल देव वार्ड एवं विवेकानंद वार्ड में शनिवार को बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में चलाये जा रहे वार्ड भ्रमण के तहत जनचौपाल में वरिष्ठ कांग्रेसी स्व. चक्रधर बिसाई एवं स्व. गंभीर नाथ के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रदांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष राजेश चौधरी, पार्षद पंचराज सिंह, सुशीला बघेल, महामंत्री जाहिद हुसैन, निकेत राज झा, उस्मान रजा, शेख अयाज, बलिराम बघेल, संगीता दानी, मीना कौर, रितेश सेठिया, समनाथ, विनोद सेठी, शंकर बघेल, प्रदीप दास, श्यामा मरण, दिलीप सिंह दाढ़ी, मुनव्वर अली, अशोक पांडेय, सहदेव एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

### युवा संसद स्पर्धा में माहरा कालेज दूसरे स्थान पर



**जगदलपुर।** भारत सरकार संसदीय कार्य मंत्रालय नई दिल्ली के तत्वावधान में संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में जगतु माहरा शासकीय बहुउच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर के छात्रों ने बस्तर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए सात जिलों में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता 25 अक्टूबर को टाउन हॉल में आयोजित किया गया था जिसके मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप थे। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती सफिरा साहू, एमआईसी मेंबर निर्मल ⏭ शेष पेज 12 पर

## संगोष्ठी : जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास पर हुई कार्यशाला

# जंगे आजादी में आदिवासी क्रांतिकारियों की गौरवमयी वीरगाथा अनूठी और प्रेरणादायी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



नवीन शासकीय महाविद्यालय लोहंडीगुड़ा में शुक्रवार को जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत (ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक) विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पीलूराम कश्यप सम्मानित वरिष्ठ नागरिक एवं सेवानिवृत शिक्षक तथा मुख्य वक्ता के रूप में अजितेश दत्ता रॉय सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि पवन ठाकुर, क्रीड़ा अधिकारी उपस्थित थे।

■ जनजातीय बहुल क्षेत्रों में अंग्रेजों का प्रभुत्व कभी भी कायम नहीं रहा

माता सरस्वती, भारत माता एवं भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान आदिवासी क्रांतिकारी योद्धाओं के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अतुल त्रिवेदी ने स्वागत उद्बोधन दिया तत्पश्चात कार्यक्रम के संयोजक बीपी साहू ने कार्यक्रम की विस्तार पूर्वक रुपरेखा बताइ। मुख्य वक्ता ने छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पूरे भारत के अमर शहीद क्रांतिकारी जनजाति योद्धाओं के बारे में बताया, उन्होंने यह भी बताया कि जो जनजातीय बहुलता वाले क्षेत्र हैं वहां अंग्रेज कभी भी पूर्णतः अपना शासन नहीं कर पाए। उन्होंने आगे बताया ⏭ शेष पेज 12 पर

### जनजातीय समाज के योद्धाओं का पराक्रम अविस्मरणीय

**भानपुरी।** शासकीय महाविद्यालय भानपुरी में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत (ऐतिहासिक, सामाजिक व आध्यात्मिक योगदान) विषय पर 25 अक्टूबर को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय भानपुरी एसके वासनीकर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान एवं शहीद महेन्द्र कर्मा वि.वि. डॉ. संजीवन कुमार प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी एवं जनजाति समाज के वीर योद्धाओं के छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वासनीकर ने अपने उद्बोधन में जनजातीय समाज को धरती के सबसे बड़े प्रकृतिपूजक एवं जल जंगल और जमीन के संरक्षक और संवर्धक के रूप में रेखाकित किया। वहीं वेदवती कश्यप ने जनजातीय समुदाय को अपने आस्था विश्वास, रीति रिवाज, मान्यता और मूल्यों को आने वाली पीढ़ियों के लिए सतत संरक्षित रखने की सलाह दी। डॉ संजीवन कुमार ने स्वतंत्रता आदोलन एवं जल जंगल और जमीन के संरक्षक सेनानियों योद्धाओं और नायको के अदम्य संघर्षो पर विस्तुत प्रकाश ⏭ शेष पेज 12 पर

■ जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत पर भानपुरी कालेज में हुए विविध कार्यक्रम


### पर्यावरण संरक्षण एवं शहीदों पर फोकस

मुख्य अतिथि कश्यप ने अपने वक्तव्य में जनजातीय समाज के द्वारा पर्यावरण संरक्षण उनकी महत्वपूर्ण सामाजिक एवं सांस्कृतिक विरासत एवं भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अमर जनजातीय शहीदों बारे में विस्तार से बताया। अति विशिष्ट अतिथि ठाकुर ने अपने वक्तव्य में जनजातीय समाज की विभिन्न सामाजिक सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासतों का विस्तार से वर्णन किया।

### भाषण, रंगोली, चित्रकला प्रश्नोत्तरी स्पर्धा

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण, रंगोली, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी, लोकगीत प्रतियोगिता में भाग लिया साथ ही साथ जनजाति समाज में महानायकों, महापुरुषों के बारे में बताया गया कि किस प्रकार से उन्होंने अपने जीवन में संघर्ष किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम की सहसंयोजक सहोदर दीवान ने किया इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अतिथि व्याख्या एवं कार्यालय स्टाफ नरेश कुमार गोटे एवं सुश्री राना शेख के साथ साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच, नौ को नोटिस, 5 पर 36 हजार का जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा


त्योहारों के दृष्टिगत नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छग एवं कलेक्टर के आदेशानुसार जिले के विभिन्न डेयरी प्रतिष्ठान, बेकरी फर्म, होटलों, किराना दुकानों विनिर्माता व्यापारियों के खाद्य परिसर का निरीक्षण किया गया एवं विभिन्न खाद्य पदार्थों का नमूना जांच हेतु लिया गया।

■ दीपावली त्योहार के मद्देनजर, बेकरी फर्म, होटलों, किराना दुकानों का औचक निरीक्षण

निरीक्षण एवं सैंपलिंग के दौरान चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के द्वारा कुल 114 सैंपल विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से लिए गये। जिसमें 8 अमानक एवं 2 मिथ्याछाप खाद्य पदार्थ मिलने पर तुरंत नष्ट करवाया गया तथा संबंधित व्यापारियों को नोटिस जारी करते हुए गलती दोबारा पाये जाने पर लाइसेंस निलंबित करने की चेतावनी दी गई। इस दौरान 9 व्यापारियों को नोटिस जारी कर सुधार हेतु निर्देशित किया गया। अधिनियम उल्लंघन के अनुसार अमानक पाये गये खाद्य पदार्थों में प्रकरण तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाता है। जिसमें 5 खाद्य व्यापारियों पर न्यायालय द्वारा 36,000 रुपये अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया एवं वर्तमान में बिना खाद्य लाइसेंस व्यापार के 1 प्रकरण, अवमानक एवं मिसब्रांडेड खाद्य पदार्थ रसगुल्ला लूज 1 प्रकरण, खाद्य पदार्थ पनीर के 1 प्रकरण कुल 3 प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत करने की तैयारी की जा रही है। इस संबंध में विभाग द्वारा उपभोक्ताओं से अपील की गई कि बाजार में बिकने वाले खुले व अमानक खाद्य सामग्री का उपयोग करने से बचें। मार्केट से कोई भी खाद्य पदार्थ खरीदने से पहले खाद्य पदार्थ के निर्माण की तिथि एवं उपयोग की तिथि अवश्य देखकर खरीदें।

# बीमा कंपनी 15 लाख की क्षतिपूर्ति देगी व भरेगी 10 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा शुक्रवार को एक प्रकरण में यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को आवेदिका को 15 लाख रूपए की क्षतिपूर्ति और 10 हजार रूपए का जुर्माना अदा करेगा। आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने आदेश पारित किया गया है। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी अमित राणा के पति मृतक लल्लन सिंह राणा ने अपनी हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल का बीमा यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड जगदलपुर से करवाया था, जिसमें उनके द्वारा 15 लाख रूपए व्यक्तिगत क्षति बीमा भी करवाया गया था। परिवादी के पति की एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। आवेदिका द्वारा उक्त बीमा पॉलिसी में नॉमिनी होने के कारण, आवश्यक दस्तावेजों सहित बीमा कंपनी के समक्ष व्यक्तिगत बीमा राशि प्राप्त करने हेतु क्षतिदावा पेश किया गया था। जिसे बीमा कंपनी द्वारा विलंब से पेश किए जाने का कारण बताते हुए निरस्त कर दिया था। इसे क्षुब्ध होकर आवेदिका द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई, जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि यदि दावा प्रस्तुत करने में हुई देरी को संतोष जनक ढंग से समझाया गया है तो बीमा कंपनी दावे को खारिज करने का अधिकार नहीं रखती हैं, बीमा कंपनियां तकनीकी आधार पर दावे से इंकार करती हैं। इस संबंध में बीमा कंपनी को बहुत ज्यादा तकनीकी नहीं होना चाहिए। इसलिए बीमा कंपनी को 10 हजार रूपए के अर्थदंड से भी दंडित किया गया है।

■ जिला उपभोक्ता आयोग के संयुक्त खंडपीठ का आदेश

# मुखर्जी वार्ड में निर्मित अटल उद्यान का लोकार्पण आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड के मोहन नगर में वार्डवासियों व पार्षद संजय पांडे के प्रयासों तथा विधायक किरण देव और महापौर सफीरा साहू के सहयोग से सर्व सुविधा युक्त अटल उद्यान बनकर पूरी तरह तैयार है। दरअसल विधायक और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव लगातार नगर के 48 वार्डों विकास कार्यों के लिए विधायक निधि सहित राज्य शासन से राशि उपलब्ध करवा रहे हैं। वहीं महापौर सफीरा साहू भी महापौर निधि से सभी 48 वार्डों में विकास कार्यों के लिए राशि आबंटित कर रहीं हैं।

संजय पांडे ने बताया कि उद्यान का लोकार्पण 27 अक्टूबर को प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव के मुख्य आतिथ्य में एवं सांसद महेश कश्यप, विधायक विनायक गोयल, महापौर सफीरा साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, जिलाध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में सम्पन्न होगा। मोहन नगर में विधायक निधि, महापौर निधि और पार्षद निधि से किए गए विभिन्न कार्यों का भी विधायक किरण देव लोकार्पण करेंगे। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथि पौधारोपण भी करेंगे।

# भाई की हत्या पर भाई को आजीवन कारावास की सजा और अर्थदण्ड भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर जिले अंतर्गत करपावंड के ग्राम गारेंगा में एक वर्ष पूर्व शाम को घर बाड़ी की जमीन को लेकर विवाद से ग्रामीण ने अपने भाई की धारदार छूरी से मार कर हत्या कर दी। मामले में सत्र न्यायाधीश मनीष कुमार ठाकुर ने गवाहों एवं साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त को आजीवन कारावास, अर्थदंड की सजा दी। इस मामले में अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक सपन देवांगन ने पैरवी की।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गारेंगा जोड़ा सरगीपारा में 21 अपैल 2023 की शाम 7 बजे बिसनाथ कश्यप घर के अंदर कमरे में बैठा था। उसी समय उसका भाई विष्णुराम कश्यप उसके घर आया जो शराब के नशे में था, बिसनाथ से बोला कि घर बाड़ी की जमीन को इस वर्ष मैं कमाऊंगा, तुम नहीं। जिस बात को लेकर आरोपी ने बिसनाथ के साथ लड़ाई-झगड़ा किया तथा विष्णुराम घर से बाहर चला गया। कुछ देर बाद वापस आकर अपने पास रखा धारदार छुरी (कडरी) से उसके बिसनाथ के सीना, पेट के पास घोंप कर मार दिया। साथ ही छुरी दिखाकर प्रार्थिया को डराया और छुरी लेकर भाग गया। उसके द्वारा आसपास के लोगों को बुलाकर घटना के बारे बताते हुए, 108 एम्बुलेंस वाहन की मदद से बिसनाथ कश्यप को घायल अवस्था में भानपुरी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसके पति को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जांच कर 23 अपैल 2023 को आरोपी को गिरफ्तार किया, कोर्ट में पेश किया जहां से आरोपी को न्यायायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इस पर सत्र न्यायाधीश ने साक्ष्यों एवं गवाहों पर अभियुक्त विष्णुराम कश्यप को धारा 302 भादंवि से आजीवन कारावास और अर्थदंड की दंडित किया। अर्थदंड अदा नहीं करने पर एक माह का कठिन कारावास भुगतना होगा।












अधिकृत विक्रेता - **विजयपाल हिरो**, जगदलपुर, **सम्पर्क - 79998-33421, 96444-08951**

• केशकाल - 98931-99247 • फरसगांव - 99810-09344 • कोण्डागांव - 99938-61888 • बनियागांव - 70009-15198 • भानपुरी - 99810-09491 • नारायणपुर - 94063-71785 • सुकमा - 94252-60291 • बकावण्ड 88898-20424 • चिपावण्ड - 91319-06668 • माकड़ी - 94252-28043




**JAGDALPUR MOTORS** | NH-16, GEEDAM ROAD, PANDRIPANI, JAGDALPUR | JAGDALPUR : +91 7773088859/70 KONDAGAON: +91 7000810023 DANTEWADA: +91 7773088864